# आउटडोर डाइनिंग हीटिंग सिस्टम

NYC Buildings

ठंडी सर्दियों के महीनों के दौरान, आउटडोर डाइनिंग के समय ग्राहकों को आरामदेह रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सहायता के लिए, फ़ुटपाथ और सड़क मार्ग पर डाइनिंग के लिए सिटी का ओपन रेस्तरां कार्यक्रम खाने और पीने के प्रतिष्ठानों को आउटडोर हीटिंग सिस्टम इंस्टॉल करने की अनुमति देता है।

NYC रेस्तरां मालिकों को उनके आउटडोर डाइनिंग सेटअप के लिए तीन अलग-अलग प्रकार के आउटडोर हीटिंग सिस्टम में से चयन करने की अनुमति देता है:

1. **इलेक्ट्रिक हीटर**
2. **प्राकृतिक गैस हीटर**
3. **प्रोपेन हीटर**

इन तीनों प्रकार के हीटिंग सिस्टम में से प्रत्येक की अपनी लागतें, लाभ और विशिष्ट नियम हैं जिनका पालन करना चाहिए। भले ही आप कोई भी हीटिंग सिस्टम चुनें, आपको यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हीटर ठीक से इंस्टॉल किए जाएँ और उनका सुरक्षित रूप से उपयोग हो। इसका मतलब है काम करने के लिए लाइसेंस प्राप्त पेशेवरों को काम पर रखना, जहाँ आवश्यक हो, परमिट लेना और हीटर का उपयोग करते समय निर्माता के निर्देशों का पालन करना। निर्माता के निर्देशों के अनुसार हीटर का उपयोग न करने से आग लगने का गंभीर जोखिम हो सकता है।

## इलेक्ट्रिक हीटिंग सिस्टम

नीचे दी गई सरलीकृत मार्गदर्शिका विशेष रूप से खाने और पीने के प्रतिष्ठानों के मालिकों के लिए है, जो आउटडोर डाइनिंग के लिए इलेक्ट्रिक हीटिंग सिस्टम इंस्टॉल करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन की तलाश कर रहे हैं। यहाँ हमारी वेबसाइट पर एक अधिक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध है। याद रखें कि NYC में, इलेक्ट्रिक हीटर को फ़ुटपाथ पर और सड़क मार्ग में भी इंस्टॉल करने की अनुमति है।

### स्टेप 1 किसी लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन को काम करने के लिए बुलाएँ

- यह सबसे महत्वपूर्ण स्टेप है और इसे स्किप नहीं जा सकता। यदि आप आउटडोर डाइनिंग के लिए कोई इलेक्ट्रिकल हीटिंग सिस्टम इंस्टॉल करना चाहते हैं, तो आपको लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन से काम करवाना **आवश्यक** है।
- आउटडोर डाइनिंग के लिए इलेक्ट्रिक हीटर इंस्टॉल करने के लिए, बिल्डिंग के मौजूदा इलेक्ट्रिकल वायरिंग सिस्टम पर काम करना और उचित आउटडोर आउटलेट इंस्टॉल करवाना पड़ सकता है। इस कार्य के लिए परमिट की आवश्यकता होती है, जिसे लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। स्वीकृत इलेक्ट्रिकल फ़ाइलिंग और DOB कार्य परमिट के बिना कोई भी इलेक्ट्रिकल काम नहीं किया जा सकता है।



- कोई लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन, जिसका बिल्डिंग विभाग के साथ अच्छा सम्बन्ध है, उसे सभी जरूरी नियमों की जानकारी होगी, उन्हें पता होगा कि उचित परमिट किस तरह प्राप्त करें और वे नए हीटिंग सिस्टम के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिकल वायरिंग का काम करने में सक्षम होंगे।
- आप विभाग की बिल्डिंग इंफ़ॉर्मेशन सिस्टम (BIS) वेबसाइट पर जाकर NYC में इलेक्ट्रीशियन के लाइसेंस की स्थिति की जाँच कर सकते हैं।
- न्यूयॉर्क शहर में सभी इलेक्ट्रिकल काम किसी लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन द्वारा किए जाने चाहिए। न्यूयॉर्क शहर में किसी अयोग्य व्यक्ति द्वारा इलेक्ट्रिकल काम करना खतरनाक और गैर-कानूनी है।

### स्टेप 2 अपनी जगह का निरीक्षण करवाएँ

- एक बार जब आपके लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ इलेक्ट्रीशियन ने परमिट प्राप्त कर लिया और आपके नए इलेक्ट्रिकल आउटडोर हीटिंग सिस्टम को इंस्टॉल करने का काम कर लिया, तो वे इसे सुरक्षित और पूरा हुआ समझने पर उसे ऑन कर सकते हैं। हालांकि सिस्टम को चालू करने के लिए DOB निरीक्षण के लिए प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है, फिर भी निरीक्षण किया जाना आवश्यक है और इसे अवश्य कराया जाना चाहिए।
- कृपया ध्यान दें कि कुछ छोटे इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए DOB निरीक्षण की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन नई वायरिंग और आउटलेट इंस्टॉल करने पर यह आवश्यक होता है। साथ ही, यदि नया इलेक्ट्रिकल पैनल इंस्टॉल किया जाता है, तो उस पैनल को सक्रिय करने से पहले एक इलेक्ट्रिकल प्राथमिक निरीक्षण की आवश्यकता होती है। सभी आवश्यक निरीक्षणों के लिए, आपका इलेक्ट्रीशियन DOB में एक आधिकारिक निरीक्षण अनुरोध दर्ज करवा सकता है। एक बार अनुरोध किए जाने के बाद, सब कुछ सुरक्षित और कोड के अनुसार है यह सुनिश्चित करने के लिए DOB एक इंस्पेक्टर को आपके यहां भेजेगा।

### स्टेप 3 अपने हीटिंग सिस्टम को ऑन करें

- अब जब इलेक्ट्रिकल हीटिंग सिस्टम ठीक से इंस्टॉल हो गया और निरीक्षण कर लिया गया है, तो आपके आउटडोर हीटिंग सिस्टम को आपके रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा ऑन करके संचालित किया जा सकता है।
- इलेक्ट्रिकल हीटिंग सिस्टम का उपयोग करते समय हीटर को लगाने के निर्देशों और उन्हें उचित तरीके से सुरक्षित करने सहित निर्माता के निर्देशों का पालन करना कभी न भूलें।

## प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम

नीचे दी गई सरलीकृत मार्गदर्शिका विशेषरूप से खाने और पीने के प्रतिष्ठानों के मालिकों के लिए है, जो आउटडोर डाइनिंग के लिए प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम इंस्टॉल करने के बारे में मार्गदर्शन की तलाश कर रहे हैं। यहाँ हमारी वेबसाइट पर एक अधिक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध है। याद रखें कि NYC में प्राकृतिक गैस हीटरों को केवल फ़ुटपाथों पर ही लगाने की अनुमति है। आपको उन्हें सड़क मार्ग में लगाने की अनुमति नहीं है।

### स्टेप 1 किसी लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर को काम करने के लिए बुलाएँ

- यह सबसे महत्वपूर्ण स्टेप है और इसे स्किप नहीं जा सकता। यदि आप आउटडोर डाइनिंग के लिए एक प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम इंस्टॉल करना चाहते हैं, तो आपको लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर से काम करवाना **आवश्यक** है।
- आउटडोर डाइनिंग के लिए कोई प्राकृतिक गैस हीटर इंस्टॉल करने के लिए, बिल्डिंग की मौजूदा प्राकृतिक गैस सिस्टम पर काम करना पड़ सकता है। इस कार्य के लिए परमिट की आवश्यकता होती है, जिसे लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। स्वीकृत LAA फ़ाइलिंग और DOB कार्य परमिट के बिना कोई भी गैस का काम नहीं किया जा सकता है।
- कोई लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर, जिसका बिल्डिंग विभाग के साथ अच्छा सम्बन्ध हो, उसे सभी जरूरी नियमों की जानकारी होगी, उन्हें पता होगा कि उचित परमिट कैसे प्राप्त करें और वे नए हीटिंग सिस्टम के लिए आवश्यक गैस प्लंबिंग का काम करने में सक्षम होंगे।
- आप विभाग की बिल्डिंग इंफ़ॉर्मेशन सिस्टम (BIS) वेबसाइट पर जाकर NYC में प्लम्बर के लाइसेंस की स्थिति की जाँच कर सकते हैं।
- न्यूयॉर्क शहर में गैस प्लंबिंग का सारा काम किसी लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर या गैस का काम करने की योग्यता वाले व्यक्ति द्वारा किया जाना चाहिए। न्यूयॉर्क शहर में किसी अयोग्य व्यक्ति द्वारा गैस का काम करना खतरनाक और गैरकानूनी है।

## स्टेप 2 अपनी जगह का निरीक्षण करवाएँ

- DOB - एक बार जब आपके लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर ने परमिट प्राप्त कर लिया और आपके नए प्राकृतिक गैस आउटडोर हीटिंग सिस्टम को इंस्टॉल करने का काम कर लिया, तो आपको DOB द्वारा इसका निरीक्षण करवाना आवश्यक है। आपका प्लम्बर DOB में एक आधिकारिक निरीक्षण के लिए अनुरोध दर्ज करवा सकता है। एक बार अनुरोध किए जाने के बाद, सब कुछ सुरक्षित और कोड के अनुसार है यह सुनिश्चित करने के लिए DOB किसी इंस्पेक्टर को आपके यहां भेजेगा।

- FDNY - आपके DOB निरीक्षण के बाद, आपका काम NYC फ़ायर कोड के अनुपालन में है यह सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त FDNY निरीक्षण की आवश्यकता होती है। आपका लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लम्बर FDNY के साथ इस निरीक्षण को भी शेड्यूल कर सकता है। आपके नए इंस्टॉल किए गए प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम का वैध रूप से उपयोग करने के लिए FDNY से FDNY परमिट और फ़िटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना चाहिए।

- यूटिलिटी कंपनी - आपके सभी निरीक्षण किए जाने के बाद, आपका लाइसेंस प्राप्त विशेषज्ञ प्लंबर आपकी स्थानीय यूटिलिटी कंपनी को कॉल कर सकता है, जो आपके नए प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम के लिए गैस सेवा चालू करने में सक्षम होगी।

## स्टेप 3 अपने हीटिंग सिस्टम को ऑन करें

- अब जब गैस हीटिंग सिस्टम को ठीक से इंस्टॉल कर दिया गया है, निरीक्षण हो गया है और यूटिलिटी कंपनी द्वारा गैस सेवा को चालू कर दिया गया है, तो आपके आउटडोर हीटिंग सिस्टम को आपके रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा ऑन करके संचालित किया जा सकता है।

- प्राकृतिक गैस हीटिंग सिस्टम का उपयोग करते समय हीटर को लगाने के निर्देशों और उन्हें उचित तरीके से सुरक्षित करने सहित निर्माता के निर्देशों का पालन करना कभी न भूलें।

## प्रोपेन हीटर

प्रोपेन हीटर आत्मनिर्भर हीटिंग एलीमेंट हैं जो गर्मी प्रदान करने के लिए हीटर के अंदर स्थित बदलने योग्य प्रोपेन गैस टैंक पर निर्भर होते हैं।

इन हीटरों को DOB परमिट या निरीक्षण की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन वे FDNY नियमों के अधीन होते हैं।

NYC में आउटडोर डाइनिंग के लिए प्रोपेन हीटर का उपयोग करने के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया FDNY वेबसाइट पर जाएँ।



NYC Buildings